PRESS RELEASE

## न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने मल्टी-मीडिया युक्त स्कूली शिक्षा प्रोजेक्ट शुरू किया

*देशभर के 77 स्कूलों में, 30,000 से अधिक विद्यार्थी इंटरएक्टिव माध्यम से पढ़ रहे हैं। इसका श्रेय न्यू हॉलैंड के मल्टी-मीडिया युक्त स्कूली शिक्षा प्रोजेक्ट "न्यू हॉलैंड डिजिटल क्लासरूम" को जाता है। हाल में शुरू इस प्रोजेक्ट को कम्पनी के डीलर सहयोग दे रहे हैं।*

नई दिल्ली, माचक, 2019

सीएनएच इंडस्ट्रियल के प्रसिद्ध ब्राण्ड, न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने देशभर के 77 स्कूलों में मल्टी-मीडिया युक्त स्कूली शिक्षा प्रोजेक्ट "न्यू हॉलैंड डिजिटल क्लासरूम" का शुभारंभ किया। इसे न्यू हॉलैंड के डीलर सहयोग दे रहे हैं।

यह कार्यक्रम गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब और तमिलनाडु सहित 16 राज्यों में चलाया जा रहा है। इससे लगभग 30,000 छात्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

न्यू हॉलैंड के सीएसआर (नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व) प्रोग्राम के तहत इस प्रोजेक्ट का मकसद भारत के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने की गुणवत्ता और क्षमता का विस्तार करना है। इस उद्देश्य से स्कूलों को केयान के माध्यम से मल्टीमीडिया स्कूल कंटेंट उपलब्ध कराए जाएंगे। यह एक इंटीग्रेटेड मीडिया डिवाइस में होगा जो बच्चों के लिए समूह में सीखना आसान बनाएगा। इस एकल पोर्टेबल उत्पाद में एक पूर्ण-सुविधायुक्त मल्टीमीडिया कंप्यूटर, डेटा प्रोजेक्टर, TV ट्यूनर, ऑडियो सिस्टम, और DVD प्लेयर एकीकृत हैं|

समाज में निरंतर योगदान की अपनी परंपरा बढ़ाते हुए न्यू हॉलैंड इस शैक्षिक पहल को डीलर के कार्य क्षेत्र के आसपास के समुदायों के तीव्र और स्थायी विकास का महत्वपूर्ण साधन मानता है।

श्री कुमार बिमल, (न्यू हॉलैंड डायरेक्टर सेल्स और मार्केटिंग) ने बताया, "शिक्षा की सुविधा बढ़ने से बेहतर अवसर पैदा होते हैं। सीएनएच इंडस्ट्रियल और कम्पनी के सभी ब्राण्डों का मानना है कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण साधन है। हमें खुशी है कि यह प्रोजेक्ट देश के बच्चों की औपचारिक शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान देगा।"

### ''न्यू हॉलैंड डिजिटल क्लासरूम' प्रोजेक्ट: सीखने की अभिनव तकनीक पर जोर

KYan डिवाइस के-क्लास की बुनियादी तकनीक साधनों में एक है। के-क्लास तकनीक-प्रधान शिक्षा सहायक तंत्र है जिसका मकसद कक्षा के अंदर पढ़ने का बेहतर माहौल बनाने में शिक्षकों की मदद करना है

ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई में दिलचस्पी बढ़े और सीखना अधिक लाभदायक हो। KYan डिजिटल यूनिट के अंदर विज्ञान, गणित और समाज विज्ञान के लिए मल्टीमीडिया के लेसंस, वीडियो, माइंड मैप्स, मूल्यांकन और अभ्यास पत्र होते हैं।

KYan मल्टी-मीडिया स्कूल कंटेंट पर आधारित न्यू हॉलैंड डिजिटल क्लासरूम':

- कक्षा 1-12 तक की स्कूली पढ़ाई को बेहतर बना कर शिक्षा का बेहतर परिणाम देगा
- स्कूलों में ज्ञान देने और लेने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लाएगा जो आईटी युक्त शिक्षा साधनों से मुमकिन होगा;
- स्कूलों में तकनीक को आगे रख कर सीखने का बेहतर माहौल बनाएगा - इसमें तकनीक एवं पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार कंटेंट का उपयुक्त तालमेल का लाभ देगा।

स्कूलों के लिए के-क्लास ने 'होलिस्टिक क्लासरूम लर्निंग मॉडल' पेश किए हैं जिनके अंदर निम्नलिखित कम्पोनेंट हैं:

- इंटरएक्टिव KYan (इंटीग्रेटेड कम्युनीटी प्रोजेक्टर): के-क्लास सॉल्यूशन का तकनीकी आधार KYan नामक इंटीग्रेटेड और इनोवेटिव तकनीकी प्लैटफॉर्म पर आधारित है। इसमें 'K' का अर्थ Knowledge अर्थात् ज्ञान है और संस्कृत भाषा के शब्द 'यान/Yan' का अर्थ वाहन है। दोनों के संयोग से इसका अर्थ 'ज्ञान का वाहन' है। सामान्य समार्ट क्लास टेक्नोलॉजीज़ की तुलना में इंटीग्रेटेड कम्प्युटर प्रोजेक्टर टेक्नोलॉजी KYan का विकास सिर्फ तकनीक को ध्यान में रख कर नहीं बल्कि यूज़र अर्थात् शिक्षक और विद्यार्थी को ध्यान में रख कर किया गया है।
- इंटरएक्टिव मल्टी-मीडिया कंटेंट: 2डी/ 3डी कंटेंट मॉड्यूल्स: विभिन्न विषयों के कांसेप्ट के आधार पर कई प्रकार के ऑडियो-वीडियो आधारित मॉड्यूल विकसित किए गए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई में दिलचस्पी बढ़े।
- वर्चुअल साइंस एक्सपेरिमेंट और एक्स्प्लोरिमेंट्स: ये सिमुलेशन-आधारित इंटरएक्टिव वर्चुअल एक्सपेरिमेंट हैं जो विज्ञान के कांसेप्ट की बेहतर समझ देते हैं। एक्स्प्लोरिमेंट्स विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी नई चीज़ें खोज करने और अभिरुचि जगाने का अनुभव देते हैं।
- विज्ञान के वीडियो: ज्ञानवर्द्धक वीडियो का यह बड़ा कलेक्शन सुलभतया उपलब्ध वस्तुओं से तैयार किया है। इसका मकसद विज्ञान के कांसेप्ट को बहुत सरलता और संदर्भ के साथ समझाना है।
- शिक्षकों की क्षमता का विकास: 'शिक्षकों की क्षमता का विकास' के लिए जो रूपरेखा बनाई गई है उससे शिक्षकों की क्षमता का संपूर्ण विकास होता है।

KYan तकनीक आधारित न्यू हॉलैंड प्रोजेक्ट का मकसद विद्यार्थियों को दुनिया भर की जानकारी और शिक्षण की आधुनिक तकनीकियों का लाभ देते हुए समग्र विकास की सुविधा देना है ताकि उन्हें शिक्षा के बेहतर परिणाम मिले।

यह प्रोजेक्ट जिन 77 स्कूलों में शुरू किए जाएंगे उनमें सीखने के परिणामों के नियमित आकलन किया जाएगा।

-समाप्त-

*न्यू हालैंड एग्रीकल्चर को ग्राहकों, नकदी फसल उत्पादकों, पशुपालक किसानों, ठेकेदारों, वाइनयार्ड (अंगूर के खेत) या जमीन की देखभाल के पेशे से जुड़े लोगों की जबरदस्त सफलता ने ऊंची पहचान दिलाई है। सभी कम्पनी के इनोवेटिव प्रोडक्ट्स और सेवाओं की बड़ी रेंज़ पर पूरा भरोसा करते हैं। न्यू हालैंड की संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला में ट्रैक्टर से लेकर कटनी की मशीनें, सामान रखरखाव की मशीनें शामिल हैं और बड़ी बात यह भी कि कम्पनी कृषि कर्म की विशेषज्ञता के साथ हर किसान को जरूरत के हिसाब से ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराती है। न्यू हॉलैंड का अत्यंत पेशेवर ग्लोबल डीलर नेटवर्क है और उत्कृष्टता को लेकर प्रतिबद्धता के साथ यह हर ग्राहक को बेजोड़ अनुभव का भरोसा देती है। न्यू हालैंड की अधिक जानकारी www.newholland.com पर देखें।*

*न्यूहालैंड एग्रीकल्चर सीएनएच इंडस्ट्रियल एन.वी. (NYSE: CNHI /MI: CNHI) का एक प्रभाग है। यह कैपिटल गुड्स का ग्लोबल लीडर है जिसके पास औद्योगिक अनुभव, प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज़ और पूरी दुनिया में पहुंच है। सीएनएच इंडस्ट्रियल की अधिक जानकारी www.cnhindustrial.com पर ऑनलाइन देखें।*

**Press Contacts:**

Brajendra Kumar
Brand & Communication Manager, India
Tel: +91 9667325588
Email: brajendra.kumar@cnhind.com